कार्यालय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ

नीलामी–सूचना

लखनऊःदिनांकःमार्च 01 2016

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2016–2017 अर्थात 01.04.2016 से 31.03.2017 तक के लिए दीवानी न्यायालय लखनऊ के अधीनस्थ परिसरों में स्थित बहुखण्डी भवन के प्रथम, तृतीय एवं पंचम तल पर तैयार सुदा खाद्य सामग्रियों एवं विद्युत मशीन द्वारा निर्मित चाय व काफी की बिक्री हेतु स्थल, परिसर में फोटो स्टेट की पक्की दुकान न0 1 व 2 चाय की पक्की दुकान न0–3, कोरियर सर्विस/फोटो स्टेट एवं सहकारी भोजनालय हेतु पक्की दुकान न0–4, सेमल पेड के नीचे चाय की दुकान का स्थल, लेसा गेट न0–4 के निकट फोटो ग्राफर एवं ला–बुक की दुकान का स्थल तथा अमेरिकन लाइब्रेरी पारिवारिक न्यायालय लखनऊ परिसर में स्थित कैण्टीन एवं रोडवेज वर्कशॉप की तरफ मन्दिर से लगी चाय की दुकान की नीलामी दिनांक 19.03.2016 की सांय 4:00 बजे दीवानी न्यायालय, लखनऊ परिसर में स्थित दक्षिणी खण्ड भवन के भू–तल पर स्थित सभागार कक्ष में होगी। उपरिवर्णित दुकानों एवं स्थल की नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक भागीदार द्वारा रू0 15,000/– (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) धरोहर राशि के रुप में जमा करने के पश्चात् बोली बोलने के लिए अधिकृत होगा।

उक्त नीलामी की अन्तिम बोली जिस भागीदार के पक्ष में छूटेगी उसे अन्तिम बोली से संबन्धित 50% की धनराशि तुरन्त नीलामी स्थल पर जमा करना आवश्यक होगा तथा शेष धनराशि का 25% की धनराशि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा तथा शेष बकाया की सम्पूर्ण धनराशि कार्य प्रारम्भ करने से 15 दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित समय तक बोली की सम्पूर्ण धनराशि जमा न किए जाने पर संबन्धित ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी एवं जमा की गयी धरोहर राशि सरकार के पक्ष में जब्त की जावेगी।

नीलामी बोली में भाग लेने वाले इच्छुक भागीदार धरोहर राशि को दिनांक 18.03.2016 की अपरान्ह 2:00 बजे तक जनपद न्यायालय, लखनऊ के अधीन कार्यालय केन्द्रीय नजारत कमरा न0–7 में कैशियर के पास जमा करते हुए उससे संबन्धित प्राप्ति रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

नीलामी बोली को स्वीकार किए जाने एवं निरस्त किए जाने तथा नीलामी तिथि में वृद्धि एवं परिवर्तन किए जाने एवं किसी प्रकार के विवाद आदि के लिए निर्णय लिए जाने का सम्पूर्ण अधिकार माननीय जिला जज, लखनऊ महोदय के अधीन सुरक्षित होगा जो सभी को मान्य होगा। नीलामी से संबन्धित नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय उपरोक्त में प्राप्त की जा सकती है।

1/03/2016

अध्यक्ष, नीलामी समिति
प्रभारी अधिकारी (नजारत)
न्यायाधीश विशेष न्यायालय, भ्रष्टाचार
निवारण, सी0बी0आई0–6, लखनऊ।